उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकारका उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्तिभवन, 14 अशोकमार्ग, लखनऊ।

संख्या: 35–एच0आर0डी0–05/पाट्राकालि–2022 दिनांक: सितम्बर 2022

# कार्यालय–ज्ञाप

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के कार्य हित में (1) पारेषण उत्तर–पूर्व क्षेत्र, गोरखपुर व पारेषण दक्षिण–पूर्व क्षेत्र, प्रयागराज तथा (2) पारेषण दक्षिण–मध्य क्षेत्र, झांसी व पारेषण दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र, आगरा का पुनर्गठन करते हुए इन क्षेत्रों के अधीनस्थ पारेषण मण्डलों तथा खण्डों के प्रशासनिक नियन्त्रण की व्यवस्था एतद्द्वारा निम्नवत् की जाती है :–

1 **पारेषण उत्तर–पूर्व क्षेत्र, गोरखपुर व पारेषण दक्षिण–पूर्व क्षेत्र, प्रयागराज का पुनर्गठन :–**

i. विद्युत पारेषण मण्डल–गाजीपुर को विद्युत पारेषण मण्डल– द्वितीय, वाराणसी के नवीन नाम से पारेषण दक्षिण–पूर्व, प्रयागराज के नियंत्रणाधीन किया जाता है। विद्युत पारेषण मण्डल– द्वितीय, वाराणसी का मुख्यालय वाराणसी किया जाता है।

ii. विद्युत पारेषण खण्ड–गाजीपुर तथा विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम एवं द्वितीय, जौनपुर का नियंत्रण विद्युत पारेषण मण्डल– द्वितीय, वाराणसी को पदों सहित स्थानान्तरित किया जाता है।

iii. विद्युत पारेषण खण्ड–बलिया तथा विद्युत पारेषण खण्ड–मऊ, विद्युत 400 के0वी0 उपसंस्थान खण्ड, मऊ का नियंत्रण विद्युत पारेषण मण्डल–आजमगढ़ को पदों सहित स्थानान्तरित किया जाता है जो कि पारेषण उत्तर–पूर्व क्षेत्र, गोरखपुर के नियन्त्रणाधीन होगा।

iv. विद्युत परीक्षण एवं परिचालन मण्डल, गोरखपुर के अन्तर्गत विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, गाजीपुर को विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड–द्वितीय, वाराणसी के नाम से पदों सहित विद्युत परीक्षण एवं परिचालन मण्डल, प्रयागराज के अन्तर्गत किया जाता है। विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड–द्वितीय वाराणसी का मुख्यालय भी वाराणसी किया जाता है। विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड– द्वितीय, वाराणसी द्वारा विद्युंत पारेषण मण्डल–द्वितीय वाराणसी के अन्तर्गत आने वाले उपकेन्द्रों के कार्यों को सम्पादित किया जायेगा।

v. विद्युत परीक्षण एवं परिचालन मण्डल, गोरखपुर के अन्तर्गत विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, आजमगढ़ द्वारा विद्युत पारेषण मण्डल, आजमगढ़ के अन्तर्गत आने वाले उपकेन्द्रों का कार्य किया जायेगा।

vi. विद्युत पारेषण मण्डल–गाजीपुर तथा विद्युत पारेषण मण्डल–आजमगढ़ के मध्य पारेषण खण्डों के पारस्परिक अन्तरण के फलस्वरूप विद्युत पारेषण मण्डल– द्वितीय, वाराणसी तथा विद्युत पारेषण मण्डल, आजमगढ़ के अन्तर्गत आने वाले खण्ड निम्नवत् है :–

**पुनर्गठन के पश्चात् विद्युत पारेषण मण्डल– द्वितीय, वाराणसी एवं विद्युत पारेषण मण्डल, आजमगढ़ के अन्तर्गत आने वाले खण्डों का विवरण**

| | Circle | | Division | Zone | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Old name | New name | | Old | New |
| 1. | ETC-Ghazipur | ETC-II Varanasi | ETD- Ghazipur<br>ETD-I, Jaunpur<br>ETD-II, Jaunpur | CE Transmission North East, Gorakhpur | CE Transmission SouthEast, Prayagraj |
| 2 | ET&C Division-Ghazipur under ET&C Circle-Gorakhpur | ET&C Division- II, Varanasi under ET&C Circle-Prayagraj | ET&C Division- II, Varanasi | CE Transmission North East, Gorakhpur | CE Transmission South East, Prayagraj |
| 3. | ETC-Azamgarh | ETC- Azamgarh | ETD- Azamgarh<br>Elect- 400 kV S/s Division,Azamgarh<br>Elect- 400 kV S/s Division, Mau<br>ETD- Mau<br>ETD- Ballia | CE Transmission North East, Gorakhpur | CE Transmission NorthEast, Gorakhpur |
| 4. | ETC, Varanasi | ETC-I, Varanasi (Renamed) | - | CE, Transmission South East, Prayagraj | CE, Transmission South East, Prayagraj |
| 5. | ET&C Division, Varanasi | ET&C Division -I, Varanasi (Renamed) | - | CE, Transmission South East, Prayagraj | CE, Transmission South East, Prayagraj |

**2. पारेषण दक्षिण–मध्य क्षेत्र, झांसी व पारेषण दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र, आगरा का पारस्परिक पुनर्गठनः–**

i. पारेषण दक्षिण–मध्य क्षेत्र, झांसी के नियंत्रणाधीन विद्युत पारेषण मण्डल–द्वितीय, कानपुर को पारेषण दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र, आगरा के नियंत्रणाधीन किया जाता है।

ii. विद्युत पारेषण मण्डल–द्वितीय, कानपुर के अधीन विद्युत पारेषण खण्ड– द्वितीय, कानपुर, इटावा, फतेहगढ़ एवं विद्युत संरचना इकाई, कन्नौज को पदों सहित पारेषण दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र, आगरा के अन्तर्गत किया जाता है।

iii. विद्युत परीक्षण एवं परिचालन मण्डल, झांसी के अन्तर्गत विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड–द्वितीय, पनकी, कानपुर को पदों सहित विद्युत परीक्षण एवं परिचालन मण्डल, आगरा के अन्तर्गत किया जाता है।

iv. विद्युत पारेषण मण्डल–द्वितीय, कानपुर एवं उसके अधीन खण्डों का पारेषण दक्षिण–मध्य क्षेत्र, झांसी से पारेषण दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र, आगरा को स्थानान्तरण का विवरण निम्नवत है :–

**पुनर्गठन के पश्चात विद्युत पारेषण मण्डल—द्वितीय, कानपुर के अन्तर्गत आने वाले खण्डों का विवरण**

| Sl No | Circle | | Division | Zone | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Old name | New name | | Old | New |
| 1. | ETC- II, Kanpur | ETC- II, Kanpur | ETD- II, Kanpur<br>ETD-Etawah<br>ETD-Fatehgarh<br>EFU-Kannauj | CE Transmission South Central, Jhansi | CE Transmission South West, Agra |
| 2 | ET&C Division- II, Panki under ET&C Circle-Jhansi | ET&C Division-II, Panki under ET&C Circle-Agra | ET&C Division- II, Panki, Kanpur | CE Transmission South Central, Jhansi | CE Transmission South West, Agra |

v. पारेषण दक्षिण–मध्य क्षेत्र, झांसी के कार्य क्षेत्र मे विद्युत पारेषण मण्डल, झांसी के अन्तर्गत विद्युत पारेषण खण्ड, झांसी, उरई एवं विद्युत 400 के0वी0 उपसंस्थान खण्ड, उरई तथा विद्युत पारेषण मण्डल, बांदा के अन्तर्गत विद्युत पारेषण खण्ड, बांदा, हमीरपुर एवं विद्युत 400 के0वी0 उपसंस्थान खण्ड, बांदा यथावत् रहेंगे।

उक्त आदेशों के व्यावहारिक/भौतिक क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकताओं को यथाविधि पूरा किये जाने एवं इस सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, पारेषण क्षेत्रों का होगा एवं किन्हीं अपरिहार्य स्थितियों में निर्णय लेने का अधिकार कारपोरेशन मुख्यालय में निहित होगा।

**निदेशक मण्डल की आज्ञा से**

संख्या : 35–एच0आर0डी0–05/पाट्राकालि–2022 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1 मा0 ऊर्जामंत्री/मा0 ऊर्जा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के निजी सचिव।

2 अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उ0प्र0 शासन के निजी सचिव।

3 अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ के निजी सचिव।

4 प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रासमिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।

5 प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।

6 समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।

7 निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय सहित कि वे सम्बन्धित मुख्य अभियन्ताओं को मुख्यालय परिवर्तन एवं कार्य आवंटन किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्था करनें हेतु अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

8 समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0।

9 अपर सचिव–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

10 लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

11 अधिशासी अभियन्ता, सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

12 कम्पनी सचिव, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को उनके पत्रांक 2566/सी0एस0–ट्रांसको/बैठक–86वीं/22 दिनांक 03.09.2022 के तथा पत्रांक 2575/सी0 एस0/ट्रांस्को/2022 दिनांक 05.09.2022 के संदर्भ में।

20.09.22

**(राम सूरत)**
**उप सचिव (पारेषण–प्रथम)**